भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 980

25 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तिरुचिरापल्ली को प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में शामिल करना

† 980. श्री दुरई वाइकोः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तमिलनाडु राज्य के तिरुचिरापल्ली चिकित्सा महाविद्यालय और राजकीय अस्पताल को प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत शामिल करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उन्हें शामिल करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और योजना के मानदंडों को पूरा करने के लिए इन संस्थानों में सुविधाओं को उन्नत करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो देरी के क्या कारण हैं और त्रिची और आसपास के क्षेत्रों के निवासी इस योजना का लाभ कब तक प्राप्त कर सकते हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य में, केंद्र-राज्य साझेदारी के आधार पर सुपर-स्पेशियलिटी ब्लॉक के निर्माण/चिकित्सा उपकरणों की खरीद के माध्यम से निम्नलिखित चार सरकारी मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है: (i) सलेम में राजकीय मोहन कुमार-मंगलम मेडिकल कॉलेज; (ii) मदुरै में सरकारी मेडिकल कॉलेज; (iii) तंजावुर में तंजावुर मेडिकल कॉलेज और (iv) तिरुनेलवेली में तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज। पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में, तमिलनाडु राज्य में किसी अन्य मेडिकल कॉलेज के उन्नयन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****